## सार्वजनिक ई–निविदा सूचना।

नगर निगम कार्यालय परिसर ग्राउन्ड, गांधी रोड व पुराना कबाड़ी बाजार स्थित पण्डित दीन दयाल उपाध्याय पार्किंग (पार्क की दीवार के साथ) दो वर्ष हेतु पार्किंग संचालित करने हेतु दिनांक 28/8/22 से दिनांक 12/9/22 अपरान्ह 2.00 बजे तक तकनीकी एवं वित्तीय ई – निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म निविदा प्रपत्र www.uktender.gov.in तथा www.nagarnigamdehradun.com से डाऊनलोड कर प्रतिभाग करने से पूर्व निविदा दस्तावेज का अवलोकन करें। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त में निहित होगा। अन्तिम तिथि दिनांक 12/9/22 समय 2:00 तक ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध करायी जायेंगी। निविदा सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण नगर निगम की वेबसाईट www.naggarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध है।

**नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।**

नगर आयुक्त
नगर निगम, देहरादून

**कार्यालय नगर निगम, देहरादून।**

पत्रांक:– 1262 /भूमि–2022, दिनांक:– 27/8/22

प्रतिलिपि:–

1. सम्पादक हिन्दी दैनिक ''अमर उजाला'' को इस आशय से प्रेषित कि वह उपरोक्त निविदा सूचना का प्रकाशन उत्तराखण्ड के आगामी अंक में कराते हुए समाचार पत्र की दो प्रतियां निशुल्क इस कार्यालय को प्रेषित करायें एवं बिल भुगतान हेतु प्रेषित करें।
2. सम्पदाक ''द पाईनियर'' अंग्रेजी समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि वह उपरोक्त निविदा सूचना का प्रकाशन उत्तराखण्ड के आगामी अंक में कराते हुए समाचार पत्र की दो प्रतियां निशुल्क इस कार्यालय को प्रेषित करायें एवं बिल भुगतान हेतु प्रेषित करें।
3. श्री मनीष पन्त आई0टी0 आफीसर को इस निर्देश के साथ कि उक्त निविदा सूचना को नगर निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. नोटिस बोर्ड नगर निगम/कलैक्ट्रेट पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

नगर आयुक्त
नगर निगम, देहरादून

वर्ष – 2022–2023

# ई0 – निविदा दस्तावेज

**कार्य का नाम – नगर निगम द्वारा तीन स्थलों ( नगर निगम कार्यालय परिसर ग्राउन्ड, गांधी रोड पण्डित दीन दयाल उपाध्याय पार्क के साथ पुराना कबाड़ी बाजार पार्क की दीवार के साथ) पर पार्किंग कार्य हेतु संलग्न ले–आऊट के अनुसार ई – निविदा आमंत्रित।**

# नगर निगम देहरादून।

ई–मेल आई0डी0–nagarnigam.ddn@gmail.com
बेबसाइट – www.nagarnigamdehradun.com

# अनुक्रमांक तालिका


| क्र.सं. | विवरण | पेज सं0 |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समय | 3 |
| 2 | कार्य का नाम | 3 |
| 3 | कार्य का विवरण | 3–4 |
| 4 | निविदा हेतु पात्रता/अर्हता | 4 |
| 5 | निविदा प्रकिया एवं निर्देशन | 4 |
| 6 | स्कोप ऑफ वर्क एवं शर्ते | 5 |
| 7 | ई–निविदा शुल्क | 6 |
| 8 | धरोहर राशि | 6 |
| 9 | कार्यपूर्ति प्रतिभूति | 6 |
| 10 | निविदा विधि | 6–7 |
| 11 | पैनल्टी | 7–8 |
| 12 | विवाद की स्थिति | 8 |
| 13 | निविदा स्वीकार/स्वीकृति | 8 |
| 14 | क्षतिपूर्ति | 8 |
| 15 | कार्य आदेश | 8 |
| 16 | कार्य अवधि | 8 |
| 17 | निविदा वैधता | 8 |
| 18 | विलम्ब से प्राप्त निविदा | 8 |
| 19 | ई–निविदा का प्रकाशन | 9 |
| 20 | चैक लिस्ट | 9 |
| | **संलग्नक** | |
| 21 | **संलग्नक –1** वित्तीय बिड बी0ओ0क्यू0 | 10 |
| 22 | **संलग्नक–2** ई0 – निविदा प्रेषित किये जाने से पूर्व अभिलेख जांच सूची (चैक लिस्ट) | 11 |
| | **अनुलग्नक** | |
| 23 | **अनुलग्नक –1** शर्तो एवं प्रतिबन्धों की स्वीकारोक्ति | 12 |
| 24 | **अनुलग्नक –2** ले–आउट प्लान एवं गूगल लोकेशन मैप | 13 |

## ई–निदिदा दस्तावेज

1. **ई–निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथि एवं समयः**
   - ई0 निविदा सूचना प्रकाशित करने की तिथि – 28.02.2022
   - निविदा समयावधि दिनांक 29.08.2022 अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 12.09.2022. अपरान्ह 2 बजे तक।
   - निविदा प्रपत्र विक्रय/डाउनलोड अवधि–11.09.2022
   - डाउनलोड की अन्तिम तिथि–11.09.2022 तक।
   - निविदा भरे जाने की अन्तिम तिथि–12.09.2022. समय अपरान्ह 2 बजे तक।
   - निविदा खोले जाने की तिथि/समय – 12.09.2022 सांय 4 बजे।

2. **कार्य का नामः**
   - नगर निगम द्वारा तीन स्थलों ( नगर निगम कार्यालय परिसर ग्राउन्ड, गांधी रोड पण्डित दीन दयाल उपाध्याय पार्क के साथए पुराना कबाड़ी बाजार पार्क की दीवार के साथ) पर पार्किंग कार्य हेतु संलग्न ले–आऊट के अनुसार ई – निविदा आमंत्रित।

3. **कार्य का विवरण :**
   - नगर निगम द्वारा तीन स्थलों पर पार्किंग कार्य संचालित करवाने हेतु संलग्न ले–आऊट के अनुसार सम्भावित निविदादाताओं से ई – पोंटल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैः–

| कम संख्या | पार्किंग स्थल का नाम |
|---|---|
| 1. | नगर निगम कार्यालय परिसर ग्राउन्ड। |
| 2. | गांधी रोड पण्डित दीन दयाल उपाध्याय पार्क के साथ। |
| 3. | पुराना कबाड़ी बाजार पार्क की दीवार के साथ। |

- पार्किंग की अवधि दिनांक 21.09.2022 से दिनांक 20.09.2024 तक दो वर्ष के लिये मान्य होगी।
- निविदादाता द्वारा उक्त पार्किंग में पर्ची काटने हेतु इलैक्ट्रॉनिक पी0ओ0एस0 मशीन का प्रयोग किया जायेगा।
- पार्किंग स्टैण्ड पर सफल निविदादातों को नगर निगम द्वारा निर्धारित निम्नलिखित दरों को 6 X 4 के 02 बोर्ड अपने व्यय पर जनता के सूचनार्थ लगाने होगें। उक्त बोर्ड को अनुबन्ध अवधि तक अनुरक्षित रखेगा।
- नगर निगम द्वारा पार्किंग हेतु निर्धारित दरें।
- **<u>दो पहिया वाहन की निर्धारित पार्किंग दरें</u>**

  प्रथम एक घन्टे की पार्किंग दर रू0–15 प्रतिवाहन।

  एक से तीन घन्टे तक रू0–30 प्रतिवाहन।

  तीन घन्टे से अधिक रू0–50 प्रतिवाहन।

- **<u>चार पहिया वाहन की पार्किंग दरें</u>**

  **प्रथम एक घन्टे की पार्किंग दर रू0–30 प्रतिवाहन।**

  **एक से तीन घन्टे तक रू0–50 प्रतिवाहन।**

  **तीन घन्टे से अधिक रू0–100 प्रतिवाहन।**

- **नगर निगम को अधिकार होगा कि वह दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन हेतु निर्धारित पार्किंग शुल्क को किसी भी समय बढ़ा सकता है। शुल्क बढ़ाने के बाद पार्किंग हेतु निर्धारित 2 वर्ष की अवधि में से अवशेष बची पार्किंग /अनुबन्ध अवधि का कुल निर्धारित मूल्य को उसी अनुपात में बढाया जाएगा, जो सम्बन्धित के द्वारा नगर निगम में जमा किया जाएगा।**

**4. निविदा हेतु पात्रता/ अर्हता :**

- निविदादाता के पास निविदा अवधि के अन्तर्गत वैध कम्पनी/फर्म पंजीकरण होना अनिर्वाय है।
- निविदादाता के पास पेन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण होना अनिवार्य है।
- निविदादाता फर्म को किसी संस्था से ब्लैक लिस्टेड न हो, का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- निविदादाता फर्म को पार्किंग संचालित करने का न्यूनतम 01 वर्ष का कार्यनुभव होना आवश्यक है। अनुभव सम्बन्धी आवश्यक प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- नगर निगम देहरादून डिफाल्टर/बकायेदार ठेकेदार निविदा में प्रतिभाग करने के पात्र नही होंगे।
- निविदादाता फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 का टर्न ओवर रू0–40 लाख होना चाहिए, जो कि सी0ए0 द्वारा प्रमाणित संलग्न करना अनिवार्य है।
- इच्छुक फर्म /निविदादाता /संस्था /ठेकेदार द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 का आयकर रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य है।
- चयनित निविदादाता को स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर निविदा की धनराशि पर नगर निगम देहरादून द्वारा निर्धारित स्टॉम्प पेपर जमा कर अनुबन्ध पूर्ण करना होगा।
- निविदादता द्वारा उपरोक्त किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा निरस्त करने एवं उसकी जमानत धनराशि को जब्त करने का पूर्ण अधिकार निविदा समिति को होगा।

**5. निविदा प्रकिया एवं निर्देशन :**

**प्रक्रियाः–**

- सर्वप्रथम तकनीकी निविदा को खोला जायेगा तथा तकनीकी निविदा में उपयुक्त पाये जाने पर ही वित्तीय प्रस्ताव को खोला जायेगा।
- निविदा केवल ई–निविदा पोंटल के अनुसार ही प्रस्तुत की जानी है। सभी प्रपत्रों पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर किये जाने आवश्यक है। विशिष्टियों अथवा विशिष्ट तथ्यों को स्पष्ट किये जाने हेतु विविधवत् प्रमाणित अतिरिक्त सीट संलग्न की जा सकती है।

- निविदादाताओं को तकनीकी प्रस्ताव के साथ चैक लिस्ट के अनुसार दस्तावेज जमा किया जाना अनिवार्य है। बिना पूर्ण अभिलेखों के निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।

**निर्देशनः—**

- किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।
- निविदादाता द्वारा भुगतान, जुर्माना तथा नियम व शर्तो आदि में किसी भी प्रकार का कोई भी बदलाव स्वीकार नहीं होगा।

6. **स्कोप ऑफ वर्क एवं शर्तें :**

- नगर निगम द्वारा यदि पार्किंग हेतु ANPR (Automatic Number Plate Recognition) based computer system उपब्ध कराया जाता है तो सफल निविदादाता को उसे अनिवार्यता से लागू करना होगा एवं पार्किंग शुल्क इलेक्ट्रोनिक मशीन से ही वसूल करना होगा। जिसके आधार पर पार्क किये वाहनों की संख्या का संकलित विवरण नगर निगम देहरादून को उपलब्ध कराना होगा।
- पार्किंग स्थल पर रजिस्टर मेन्टेन करना होगा तथा मासिक रिर्पोट नगर निगम को उपल्बध कराना होगा।
- पार्किंग स्थल पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे, साफ–सफाई, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था निविदादाता द्वारा अपने व्यय पर स्वयं करनी होगी, यदि पार्किंग क्षेत्र में गन्दगी पायी जाती है और नगर निगम द्वारा सफाई आदि की व्यवस्था करनी पड़ती है तो उसमें आने वाले व्यय को निविदादाता को वहन करना होगा।
- पार्किंग में पार्क गाडियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी।
- संदिग्ध वाहन/वाहन चालकों की सूचना तत्काल पुलिस को दी जानी अनिवार्य होगी जिसका उत्तरदायित्व पार्किंग संचालक का होगा।
- सफल निविदादाता राजकीय वाहनों तथा नगर निगम के किसी भी अधिकारी, कर्मचारी तथा मा0 सभासदों से पार्किंग शुल्क वसूल नही करेगा।
- पार्किंग स्थल से वाहन चोरी की दशा में वाहन मालिक कन्जयूमर फोरम में वाद दायर कर सकता है तथा कन्जयूमर फोरम द्वारा लिया गया निर्णय ही निविदादाता को मान्य होगा।
- पार्किंग स्थल पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन0जी0टी0) व अन्य मा0 न्यायालयों के आदेश का पूर्ण रूप से पालन करना अनिवार्य होगा।
- यातायात एवं जनसुविधा हेतु यदि नगर निगम अथवा जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने पर निविदादाता को कोई क्षति होती है तो नगर निगम द्वारा कोई क्षतिपूर्ति देय नही होगी।
- सफल निविदादाता द्वारा पार्किंग में लगाये गये कर्मचारियों को निगम द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में भेजना अनिवार्य होगा। ड्रेस कोड में खडे होगें तथा पार्किंग संचालक के नाम विवरण सहित उपलब्ध करायेगा व बदलाव होने पर सूचित करना होगा।
- निविदादाता द्वारा बीच में पार्किंग का कार्य छोड़ने अथवा निविदा भंग किये जाने की दशा में उनके द्वारा जमा समस्त धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा निविदा अन्य किसी भी एजेन्सी को दे दिया जायेगा तथा विभाग को जो भी छति होगी उसकी क्षतिपूर्ति ठेकेदार से भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल कर ली जायेगी।

7. **ई–निविदा शुल्क :**

- ई–निविदा फार्म शुल्क रू0 1000+जी0एस0टी0 18 प्रतिशत
- निविदा भरे जाने से पूर्व निविदा शुल्क की धनराशि रू0 – 1180 जी0एस0टी0 सहित का भुगतान नगर निगम देहरादून के यूनियन बैंक खाता सं0–543902010007132 आई0एफ0एस0 कोड–UBIN0554391 में आर0टी0जी0एस0 / नैफ्ट के माध्यम से कराते हुए भुगतान पर्ची को तकनीकी दस्तावेजों के साथ ई – निविदा वेबसाईट पर अपलोड करेंगे।

8. **धरोहर राशि :**

- निविदा हेतु धरोहर राशि के रूप में रू0 2,500,00 (दो लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि का एफ0डी0 आर0 / सी0डी0आर0 जो नगर निगम, देहरादून के नाम बंधक हो, को तकनीकी बिड में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- धरोहर राशि / निविदा शुल्क सम्बन्धी एफ0डी0 आर0 / सी0डी0आर0 की हार्ड कापी सील बन्द लिफाफे में तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त तकनीकी निविदा में सफल व्यक्तियों / फर्मो से वित्तीय निविदा खोले जाने से पूर्व अनिवार्य रूप से भूमि अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि / निविदा शुल्क प्राप्त न होने की स्थिति में निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।

9. **कार्यपूर्ति प्रतिभूति :**

- अनुबंध के सम्यक रूप से निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए सफल निविदादाता फर्म जिसके पक्ष में अनुबंध दिया जायेगा, से कार्यपूर्ति प्रतिभूति ली जायेगी। अनुबंध में निहित धनराशि के मूल्य को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपूर्ति अनुबंध मूल्य के 5 प्रतिशत होगी, कार्यपूर्ति प्रतिभूति वाणिज्य बैंक से निर्गत आदाता के नाम डिमान्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद या बैंक गारन्टी के मूल्य में निविदा प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।
- कार्यपूर्ति धरोहर निविदादाताओं के संविदा से सम्बन्धित सभी दायित्व सम्मिलित है। कार्य अवधि पूर्ण होने के दिवस से 60 दिवस तक वैध होना आवश्यक है।
- सफल निविदादाता द्वारा कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर प्रस्तुत करने के बाद उसकी निविदा धरोहर वापस कर दी जायेगी। शेष निविदादाताओं की धरोहर धनराशि निविदा की अन्तिम तिथि से 30 दिन के अन्दर अवमुक्त कर दी जायेगी।

10. **निविदा विधि :**

- इच्छुक निविदादाताओं से द्विस्तरीय ई–निविदा आमंत्रित है:–
  - **(a)** – तकनीकी प्रस्ताव – निविदा से सम्बन्धित दस्तावेज / शपथ पत्र / धरोहर राशि / टेण्डर फीस एवं कार्य से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये जायेंगे।
  - **(b)** – वित्तीय प्रस्ताव – वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा जो कि ई–निविदा पोर्टल पर बी0ओ0क्यू0 के अनुसार होगा।

**तकनीकी निविदा सम्बन्धी विवरण:–**

- ई – निविदा वेबसाईट–www.uktender.gov.in पर निर्धारित तिथि व समय तक उपलब्ध करायेंगे।

- निविदा भरे जाने से पूर्व निविदा शुल्क की धनराशि रू0–1000 + 18 जी0एस0टी0 सहित का भुगतान दिये गये विवरण के अनुसार किया जाना है।
- भुगतान पर्ची /रसीद को तकनीकी दस्तावेजों के अपलोड करेंगे।
- निविदादाता को निविदा में प्रतिभाग करते समय स्थाई निवास प्रमाण पत्र, पैनकार्ड कार्ड, जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति, एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 की छायाप्रति तथा 2 स्वंय सत्यापित फोटो एवं एक वर्ष का पार्किंग कार्य का अनुभव तकनीकी निविदा के साथ ई–निविदा वेबसाईट–www.uktender.gov.in उपलब्ध करना अनिवार्य है।
- निविदा के धरोहर के रूप में रू0–2,500,00/–की धनराशि की सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 तकनीकी बिड में संलग्न करनी अनिवार्य होगी जो कि नगर निगम देहरादून के नाम प्लेज होगी।

**वित्तीय प्रस्ताव :–**

- ई–निविदा प्रक्रिया में उक्त कार्य हेतु बी0ओ0क्यू0 के अनुसार दरें प्रस्तुत की जायेंगी। (संलग्न–1 बी0ओ0क्यू0)
- उच्चतम दरें प्रतिशत के आधार निविदादाता फर्म का चयन किया जायेगा।
- निविदा हेतु पात्रता/अर्हता में सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**वित्तीय निविदा सम्बन्धी विवरण:–**

- नगर निगम द्वारा पार्किंग हेतु न्यूनतम् आरक्षित धनराशि रू0–25,000,00/– (शब्दों में रू0 – पच्चीस लाख मात्र) निर्धारित है। रू0–25,000,00/– से अधिक वित्तीय निविदा अंकित करने निविदादाता की निविदा स्वीकार की जायेगी।
- निविदादादाता की निविदा स्वीकृत होने पर वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित पार्किंग शुल्क की 25 प्रतिशत 03 दिन के अन्दर तथा 25 प्रतिशत अग्रिम तीन माह दिसम्बर–2022 तथा अवशेष 50 प्रतिशत माह मार्च 2023 में निगम कोष में जमा करानी अनिवार्य होगी।
- निविदादाता को पार्किंग हेतु स्वीकृत निविदा धनराशि पर 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का भुगतान अतिरिक्त करना होगा।
- नगर निगम द्वारा आरक्षित निविदा धनराशि के सापेक्ष कम निविदा धनराशि अंकित करने वाली फर्म/निविदादाता की जमानत के रूप में दी गयी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 जब्त कर ली जायेगी।
- निविदादाता को पार्किंग का कार्य माह 20.09.2024 तक सुचारू रूप से पूर्ण करने के उपरान्त जमानत की धनराशि वापस की जायेगी।
- निविदादाता को स्वीकृत निविदा धनराशि की 2 प्रतिशत धनराशि के स्टॉम्प पेपर पर अनुबन्ध गठित करना अनिवार्य होगा तथा 2 प्रतिशत टी0डी0एस0 पृथक से देय होगा।

**11. पैनल्टी :**

- निर्धारित तिथि तक पार्किंग की धनराशि जमा न करने की दशा में 18 प्रतिशत का ब्याज राशि पृथक से देय होगा।

- निविदादाता द्वारा पार्किंग स्थल पर किसी प्रकार का स्थाई/अस्थाई निर्माण व अतिक्रमण नही करेगा तथा न ही किसी अन्य को सबलेट करेगा। ऐसा करने पर प्रतिबार रूपये – 20,000 (बीस हजार) की पेनल्टी लगायी जायेगी।
- उपरोक्त में से किसी भी शर्त के उल्लंघन पर स्वीकृति बिना किसी नोटिस के निरस्त कर दी जायेगी एवं धरोहर राशि जब्त करते हुए भविष्य के लिये ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा।
- बिना पर्ची के पार्किंग शुल्क लेने पर रूपये – 1000 (एक हजार) प्रति वाहन पेनल्टी लगायी जायेगी।

**12. विवाद की स्थिति :**

- फर्म तथा नगर निगम के मध्य कोई विवाद होने पर उसका निपटारा नगर निगम स्तर पर किया जायेगा।
- किसी भी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

**13. निविदा स्वीकार/ स्वीकृति :**

- किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, देहरादून के पास सुरक्षित है।

**14. क्षतिपूर्ति :**

- किसी भी कारणवश वाहन चोरी/क्षति होने पर पूर्ण जिम्मेदारी/ जबाबदेही सफल निविदादाता फर्म की होगी।
- निविदा प्राधिकारी कार्यालय से किसी भी वाहन/व्यक्ति की क्षतिपूर्ति का दावा नहीं किया जायेगा।

**15. कार्य आदेश :**

- यदि सफल निविदादाता फर्म द्वारा अनुबंध/कार्य आदेश के बाद निर्धारित समय में कार्य प्रारम्भ नहीं करता अथवा संतोषजनक रूप से पार्किंग संचालित नही कर पाता है अथवा शर्तो का उलंघन करता है तो निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुए उसका अनुबंध एवं निविदा को निरस्त किया जायेगा अथवा फर्म को ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।

**16. कार्य अवधि :**

- उक्त कार्य की अवधि 02 वर्ष होगी।

**17. निविदा वैधता :**

- निविदा की वैधता 45 दिन की होगी।

**18. विलम्ब से प्राप्त निविदा :**

- देर से प्राप्त (निर्धारित तिथि एवं समय के बाद) निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

**19. ई–निविदा का प्रकाशन :**

- ई–निविदा उत्तराखण्ड ई–निविदा पोर्टल www.uktenders.gov.in पर प्रकाशित किया जायेगा, इसके साथ नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamdehradun.com पर भी उपलब्ध रहेगा।
- ई–निविदा प्रक्रिया में विस्तार एवं किसी भी प्रकार के परिवर्तन होने की दशा में ई–निविदा पोर्टल पर शुद्धि पत्र प्रकाशित किया जायेगा।
- निविदा ई–प्रोक्यूरमेंट पोंटल से प्राप्त की जायेंगी।

**20. चैक लिस्ट :**

- ई –निविदा प्रकिया में प्रतिभाग करने हेतु चैक लिस्ट के अनुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त निविदा में यदि कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देशन किया गया है तो उसका अनुपालन भ आवश्यक है। **संलग्नक –2**

Jaiswal

संलग्नक –1

**नगर निगम द्वारा तीन स्थलों ( नगर निगम कार्यालय परिसर ग्राउन्ड, गांधी रोड पण्डित दीन दयाल उपाध्याय पार्क के साथए पुराना कबाड़ी बाजार पार्क की दीवार के साथ) पर पार्किंग कार्य हेतु संलग्न ले–आऊट के अनुसार ई – निविदा आमंत्रित।**

**(वित्तीय बिड–BOQ प्रपत्र)**

**कार्य – नगर निगम द्वारा तीन स्थलों पार्किंग कार्य संचालित करने हेतु निविदा।**

| क्र.सं. | कार्य विवरण | उच्चतम् दर (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 एवं 2 प्रतिशत टी0सी0एस0 अतिरिक्त) |
|---|---|---|
| 1 | पार्किंग कार्य संचालित करने हेतु ई–निविदा की न्यूनतम् आरक्षित धनराशि रूपये – 25,000,00/– से अधिक वित्तीय निविदा अंकित करे। | |

**संलग्नक – 2**

**ई – निविदा प्रेषित किये जाने से पूर्व अभिलेख जांच सूची (चैक लिस्ट) :**

| क्रम सं0 | अभिलेख का विवरण | संलग्न किया (हॉ/नही) | विवरण/अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | स्थाई निवास प्रमाण पत्र तथा 2 स्वंय सत्यापित फोटो | | |
| 2. | निविदा शुल्क से सम्बन्धित (ऑनलाइन जमा करने का विवरण) ई–निविदा शुल्क रू0 1000+जी0एस0टी0 18 प्रतिशत | | |
| 3. | निविदा हेतु धरोहर राशि के रूप में रू0 25,00,00 (दो लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि का एफ0डी0 आर0/सी0डी0आर0/डी0डी0 जो नगर निगम, देहरादून के नाम बंधक हो, को तकनीकी बिड में संलग्न करना अनिवार्य होगा। | | |
| 4. | वित्तीय वर्ष 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 का टर्न ओवर रू0–40 लाख होना चाहिए, जो कि सी0ए0 द्वारा प्रमाणित संलग्न करना अनिवार्य है। | | |
| 5. | जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र | | |
| 6. | पैन कार्ड की छाया प्रति | | |
| 7. | गत 03 वित्तीय वर्ष (2019–20, 2020–21 एवं 2021–22) का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र | | |
| 8. | 100 रू0 के नॉन ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा निर्गत शपथ–पत्र कि निविदादाता का नाम काली सूची में सम्मिलित नही है। | | |
| 9. | 1 वर्ष का पार्किंग संचालित करने का कार्य अनुभव। | | |
| 10. | शर्तों एवं प्रतिबन्धों की स्वीकारोक्ति सम्बन्धी प्रपत्र (अनुलग्नक –1) | | |

अनुलग्नक –1

## शर्तों एवं प्रतिबन्धों की स्वीकारोक्ति

मै..............................................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी.........................................................फर्म का नाम.................................. ..................................निवासी/पता......................................................................शपथ करता हुँ कि नगर निगम देहरादून द्वारा पार्किंग सम्बन्धी ई – निविदा संख्या – ..............................दिनांक ............................की समस्त शर्तें मुझें मान्य है तथा यदि मेरी निविदा स्वीकृत होती है तो निविदा अविधि में समस्त नियमों का पालन करूगीं/करूगां तथा यदि मेरे द्वारा किसी भी शर्त का उल्लघंन किया जाता है। तो मेरी फर्म को काली सुची में सम्मलित किये जाने तथा धरोहर राशि जब्बत किये जाने तथा मेरे विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्ववाही किये जाने हेतु नगर निगम देहरादून स्वतंत्र है।


(निविदादाता का हस्ताक्षर)

नाम –...................................


पता – .................................


अनुलग्नक –2

ले–आउट प्लान एवं गूगल लोकेशन मैप




14:55
90%
Nagar Nigam Dehradun
Hospital
D Building
Doon Hospital
3D
98%
(30°19'12"N 78°02'34"E) 1.26 km


PARKING PLAN AT GANDHI ROAD & KACHARY ROAD
DEHRADUN.
Scale (N.T.S)
PARKING SPACE SHOWN IN COLOUR
GANDHI ROAD
KACHARY ROAD (OLD KABARI BAZAR ROAD)
TO KACHARY
TO SAHARANPUR
DOON HOSPITAL O.P.D
FOOT OVER BRIDGE
OPEN PLOT
PARKING SPACE
PARKING SPACE
PASSAGE
GATE
GATE
DIN DYAL PARK
WATER ATM
BUS STOP
ENGINE
TO CLOCK TOWER
TO CLOCK TOWER


14:54
Deen Dayal
Anglican
Hospital
3D